HHR16-1-2 HI

सारे विश्वासियों के रैपचर के लिए बाइबल की केस - प्रोग्राम 2

अनाऊंसर: आज द जॉन एन्करबर्ग शो में, बाइबल कहती है कि भविष्य में तीन घटनाएँ होगी, जो संसार को हिला देगी, पहले तो लाखों लोग विना विवरण के गायब होगे, दूसरी बात, संसार के लीडरशिप की सामर्थ अमेरिका से हट जाएगी, और तीसरी बात कि संसार का लीडर खड़े होकर कहेगा, कि वो संसार में स्थिरता और शान्ति लाएगा/ ये क्यों होगा? बाइबल कहती है, क्योंकि प्रभु आप ही स्वर्ग से उतरेगा, और जो मसीह में मरे हैं, वे पहले जी उठेंगे, और हम जो जीवित और बचे रहेंगे उनके साथ बादलों पर उठा लिए जाएंगे, रैपचर होगे, कि हवा में प्रभु से मिले और इस रीती से हम सदा प्रभु के साथ रहेंगे/ जब ये सामर्थी घटना होगी, तो केवल अविश्वासियों को पृथ्वी पर छोड़ दिया जाएगा/

और आज मैंने हमारे देश के भविष्यवाणी के तीन महान विद्वानों को न्योता दिया है, कि आपको सारे विश्वासियों के रैपचर की बात को समझाए, ये हैं डॉ. एड हिन्ड्सन, रावलिंग स्कुल ऑफ़ डिविनिटी के डीन, और लिबर्टी यूनिवर्सिटी के धार्मिक विभाग के प्रोफेसर हैं, ये वक्ता हैं द किंग ईज़ कमिंग टेलीकास्ट में, और इन्होने भविष्यवाणी पर 40 से भी ज्यादा किताबें लिखी हैं, और 5 स्टडी बाइबल के एडिटर के रूप में भी काम किया है, दूसरे हैं डॉ. मार्क हीचकॉक, जो डेलस थियोलोजीकल सेमनरी में बाइबल एक्सपोज़िशन के असोसिएट प्रोफेसर हैं, इन्होने बाइबल की भविष्यवाणीयों पर 30 किताबें लिखी हैं, और फेथ बाइबल चर्च के सीनियर पास्टर हैं, और तीसरे हैं डॉ. रॉन रोड्स, रीजनिंग फ्रॉम द स्क्रिप्चर मिनिस्ट्री के प्रेसिडेंट,और ये डेलस थियोलोजीकल सेमनरी में शिक्षक भी हैं, और इन्होने भविष्यवाणी पर 70 किताबें लिखी हैं/ हम आपको न्योता देते हैं कि स्पेशल प्रोग्राम में हमारे साथ जुड़ जाए, द जॉन एन्करबर्ग शो में/

*****

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: प्रोग्राम में स्वागत है, मैं हूँ जॉन एन्करबर्ग, मेरे साथ जुड़ने के लिए धन्यवाद, फिर कहूँ कि हमें हमारे दर्शकों से बहुत से प्रतिउत्तर मिलते हैं,जानते हैं, लगभग 85 लाख से भी ज्यादा लोग हर 30 दिनों में हम से सपंर्क करते हैं,और शायद आप में से एक तिहाई लोग यही सवाल पूछते हैं जिस पर हम चर्चा कर रहे

हैं, इस प्रोग्राम में, और मैं तीन सबसे उत्तम लोगों को बुलाया है कि आपको बताए कि बाइबल क्या कहती है कि क्या होगा, जब यीशु मसीह पृथ्वी पर वापस आएगा, और संसार की घटनाओं में क्या होगा/

हमारे मेहमान हैं डॉ, एड हाइनसन, डॉ. मार्क हिचकॉक, और डॉ. रॉन रोड्स, आपने अभी सुना, इन्होने कुल मिलाकर 140 किताबें लिखी हैं, इनका विषय बाईबल की भविष्यवाणी से है/

और दोस्तों हमने पिछले हफ्ते देखा कि प्रेरित पौलुस स्पष्ट कहता है, कि भविष्य में कभी विशावासियों की पूरी पीढ़ी उठा ली जाएगी, छीनी जाएगी, रैपचर होगी, पृथ्वी से उठाई जाकर हवा में मसीह से मिलेगी, ठीक है, बाइबल यही तो कहती है, याने यहाँ रैपचर है, हम कह रहे हैं कि लोग जो अलग जगह पर होगे, याने ये क्लेशकाल के पहले होगा, अब हम उसके साथ जोड़ना चाहते हैं, हम ये वचन दिखाना चाहते हैं, भारत के पास्टर, और दक्षिण अफ्रीका के, यूरोप और अमेरिका के, कि ये वचन क्या कहता है, क्योंकि हम वचन के आधार पर अपने निश्कर्ष पर आए हैं, ठीक है/

और पिछले हफ्ते हमने पहला थिस्सलुनीकियों4:16 से देखा है, जो कहता है क्योंकि प्रभु आप ही स्वर्ग से उतरेगा, उस समय ललकार और प्रधान दूतों का शब्द सुनाई देगा और परमेश्वर की तुरही फूंकी जाएगी, और जो मसीह में मरे हैं, वे पहले जी उठेंगे, और हम जो जीवित और बचे रहेंगे उनके साथ बादलों पर उठा लिए जाएंगे, याने ये हरपाजो है, जिसे लैटिन में कहते हैं, रिपैरे, जिसे रैपचर भी कहते हैं,, कि हवा में प्रभु से मिले और इस रीती से हम सदा प्रभु के साथ रहेंगे और फिर पौलुस कहता है कि इन वचनों के द्वारा दूसरों को शान्ति दिया करो/

और आज हम दूसरे मुख्य वचन को देखेंगे, रैपचर के बारे में और वो है पहला कुरिन्थियो अध्याय 15 वचन 51 और 52, चलिए इसे स्क्रीन पर रखते हैं कि घर में लोग देख सके/ प्रेरित पौलुस दूसरे चर्च को लिखता है, कुरिन्थियो के चर्च को लिखता है, वो उनसे कहता है, देख, मैं तुम से भेद की बात कहता हूँ, और ये भेद क्या है, इसका क्या अर्थ है, कि हम सब सोएंगे नही परन्तु बदल जाएगे, पलक झपकते है पिछ्ली तुरही के फूंकते ही, क्योंकि तुरही फूंकी जाएगी और मुर्दे जी उठेगे और हम बदल जाएगे, याने इस वचन में पौलुस हमें 4 बातें सिखाता है और पहली बात वो कहता है, भाइयों और बहनों मेरे पास एक भेद है जो मैं आपको बताना चाहता हूँ, ये भेद क्या है?

डॉ. एड हाईन्डसन: भेद जो पहले अनजाना था, जो पहले प्रकट नही हुआ था, वो समझते हैं कि यीशु आ रहा है, लेकिन वो नही समझते हैं, कि ये विवरण क्या है, मैं सोचता हूँ कि दो कुंजी यही है कि हम सब नही सोएंगे, याने नही मरेंगे, लेकिन हम सब मर जाएंगे, याने यही भेद था, और यही तो होनेवाला है और रैपचर का ये सिद्धान्त, जो जी उठने के विचार से जुडा है, ये इसे बताता है/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: और मार्क कुछ लोग कहते हैं जानते हैं, क्या ये सच में भेद था? याने बाइबल में कोई भी इसके बारे में नही जानता था? और सच में पुराने नियम में इसके बारे में नही जाना गया था? वो पुनरुत्थान के बारे में जानते थे, मुझे कुछ उदाहरण दिजिए/

डॉ. मार्क हीचकॉक: जी, दानिएल अध्याय 12 वचन 2 में, भविष्यवक्ता दानिएल कहता है कि बहुत से जो भूमि में सोए हैं, वो जी उठेंगे, कुछ अनन्त जीवन के लिए और कुछ अनन्त दोष के लिए/ याने दानिएल भविष्य के समय की भविष्यवाणी करता है, जब मरे हुओं की देह जी उठेगी, याने नए नियम में भेद यही था कि जो प्रकट नही हुआ था कि ऐसे लोगों की पीढ़ी होगी, जो कब्र में अपना अंत नही करेंगे, जो धीमे नही होगे/ वो तुरन्त ही इस मरणहार दशा से अमरत्व में पहुंच जाएँगे, बस पल भर में ही/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: जी, ये भेद नही था कि यीशु वापस आनेवाला है/

डॉ. मार्क हीचकॉक: जी/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: ठीक है, क्योंकि जब यीशु स्वर्ग में उठाया गया, उसने कहा कि तुम गलील जाना और आकाश में देखते रहना, कि यीशु जो तुम्हारे सामने से स्वर्ग में उठाया गया, वो उसी तरह आएगा जैसे तुमने उसे उपर जाते हुए देखा है/ वो जानते थे कि यीशु वापस आ रहा है, याने ये भेद नही था, याने चलिए इस के बारे में और भी कहते हैं रॉन कि उसने ये कौनसा भेद प्रकट किया?

डॉ. रॉन रोडस: जी, पौलुस कहता है कि हम सब नही सोएंगे, हमें याद करना होगा कि उसका क्या अर्थ है, जब वो कहता है सोएंगे तो ये प्राण के बारे में नही कहता है, क्योंकि प्राण कभी नही सोता, जब कोई मरता है तो उसका प्राण और आत्मा अभी भी जीवित रहता है, और यदि आप विश्वासी हैं तो आत्मा जो शरीर में रहता

है, जो बड़ी आसानी से, निकलता है और प्रभु के साथ स्वर्ग में रहने के लिए जाता है, और इस बिच आपका शरीर सो जाता है, वो लेता होता है और आँखें बन्द होती है, गाढ़ा जाता है, और ये वचन यही कहता है, कि विश्वासियों की एक पीढ़ी, वो पूरी तरह से मृत्यु से बच जाएगे, हम कभी ऐसे दशा में मिलेंगे कि हम लेते हुए हैं और हमारी आंख्रे बन्द हैं/ याने हम मर गए हैं/ याने यही तो विश्वासियों की पीढ़ी के बाद पीढ़ी कि आशा रही है, और आज भी बहुत से विश्वासी यही सोचते हैं कि क्या हम वो पीढ़ी हैं? और आनेवाले हफ्तों में हम देखेंगे कि ऐसा विशवास करने के लिए बहुत से कारण हैं/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: जी, हमे इसे देखना होगा और मैं सोचता हूँ कि आपने इसके बारे में कांफेरेंस में कहा है, और मैं ने भी कांफेरेंस में कहा है, मैं लोगों को 2 चुनाव देता हूँ, आप इसी तरह से स्वर्ग में जा सकते हैं, एक तो यीशु पर विश्वास कीजिए, चाहे कैन्सर हो या हार्ट अटैक या अलजायमर या कुछ भी हो, ठीक है याने शोक कहते हैं और दु:ख उठाते हैं, कुछ समय के लिए शायद कुछ साल के लिए, और फिर मरकर स्वर्ग में जाते हैं, ये है पहला पर्याय या दूसरा पर्याय है, ये बात जिसे रैपचर कहते हैं, याने पुरे संसार में सारे विश्वासी, भविष्य में किसी समय, याने वो जी रहे थे और वो चले गए, और गायब हो गए, ठीक है, मैंने कहा कि आप लोगों को कौनसी बात पसन्द आएगी?

डॉ. एड हाईन्डसन: जी, सामान्य रूप में लोगों को रैपचर का पर्याय पसन्द नही है, सवाल ये है कि क्या आप रैपचर तक इसे कर पाएगए, किसी न किसी तरह से प्रभु आपके लिए आएगा, और उसमे आप रैपचर में उठाए जाएगे, हरपाजो तो ये विचार है कि आप उठाए जाएंगे और प्रभु की महिमा में होगे/ इस वचन में पौलुस कहता है कि हम सब बदल जाएंगे/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: इसका क्या अर्थ है?

डॉ. एड हाईन्डसन: याने मरे और जीविते याने असली में है अलासो, याने ये पूरा बदलाव है, याने ये मरे हुए शरीर जो कि मिटटी हो चुके हैं, और राख हुए हैं, इन सदियों में, वो बदल जाएंगे और सच में जी उठेगे और हम जो जीवित और बचे हैं वो भी बदल जाएगे और परिवर्तित हो जाएंगे और उठाए जाएंगें, औए हवा में प्रभु से मिलेंगे/

कुछ लोग कहते हैं कि आप सीलिंग तक उड़ जाएंगे, जी, आप धुल से उठ जाएंगे, जी कैसकेट से सीधा हम रिअप्चे में उठाए जांएगे, ये वही विचार है कि यीशु की महिमा की देह होगी, वो कहेगा कि मैं कमरे में हूँ और मेरा असली शरीर है मुझे छूकर देखो कि मैं अलसी हूँ, वो आकर गायब हो सकता था क्योंकि वो महिमा की दशा में था, और हम भी उसी तरह की महिमा की दशा में होगे, और वो देह असली देह होगी, और हम सब जो जीवित है और जो मरे हैं बदल जाएगे/

डॉ. रॉन रोडस: मैं लोगों को यही बताना चाहता हूँ कि रैपचर में लोगों की बॉडी का अप गैड होगा/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: जी, हाँ/

डॉ. रॉन रोडस: और वो बॉडी अप गैड सिद्ध होगा उसमे कोई हार्ट की बीमारी नही होगी, कोई किडनी की बीमारी नही होगी/ कोई कोलेस्ट्रोल नही बनेगा और स्क्रीन पर झुर्री नही पड़ेगी, बाल सफेद नही होगे और बल सिर से झ्ड़ेगे भी नही, ये सबसे अच्छी बात है कि हमारी देह खासकर बनाई गई है, कि प परमेश्वर की उपस्थिती में रहे, और मैं सोचता हूँ कि ये देह के बारे में सबसे अच्छी बात है/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: जी, और मार्क पौलुस हमें ये भी जानकारी देता है कि ये कितनी जल्दी होगा, वो कहता है कि एक पल में पलक झपकते ही, इसका क्या अर्थ है?

डॉ. मार्क हीचकॉक: एक बात जो अद्भुत है कि पौलुस रैपचर के बारे में बताता है वो इन बातों के बारे में कहता है और इस तरह दीखता है कि इस के लिए कुछ समय लगेगा, इसके लिए यीशु को आना होगा और चिल्लाना होगा, प्रधानदूतों की आवाज़ होगी, प्रभु की तुरही फूंकी जाएगी और मसीह में मरे जी उठेगे और हम जो जीवित और बचे हैं, ऐसे दिखता है कि ये पल भर में होगा, लेकिन यदि हम चाहे तो परमेश्वर मानो इसे धीमा करके हमें दिखाएगा, और एक एक फ्रेम दिखाएगा, लेकिन ये एक पल में होगा,बाइबल हमें बताती है और यहाँ ये शब्द पल आया है, ये शब्द है एटोमास, और हमे एटम शब्द इसी से मिलता है, ये ऐसा है जिसे बाँट नही सकते हैं, ये पल भर में होगा और पलक झपकते ही, कुछ लोग कहते हैं कि पलक झपकने का अर्थ है, आँखें झपकाने के लिए समय लगता है, जो कि एक सेकंड का हजारवा भाग है, दूसरे विश्वास करते हैं कि इसके लिए समय लगता है जैसे लाईट को रिफ्लेक्ट करने जितना समय होगा/ ये दोनों भी बहुत जल्दी है, पलक झपकने के

लिए जो समय लगता है, ये पल भर जैसे है, ये शरीर बदलेंगे, ये सारी बातें हमें विवरण से बताई गई है, ये तो पल भर में ही हो जाएगी, याने एक पल भर में ही, इस पृथ्वी का हर विश्वासी याने जब रैपचर होगा, वो चला जाएगा और पृथ्वी से गायब होगा/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: जी, अब जानते हैं, कईबार जब हम रैपचर के बारे में कहते हैं तो कहते हैं कि ये मन घडत बात है, हम आपको ये दिखाने की कोशिश कर रहे हैं दोस्तों, कि बाइबल के वचन इसी के बारे में कहते हैं, ठीक है, और यदि आप विश्वास करते हैं कि परमेश्वर ने हमें बाइबल दी है, ये उसका वचन है इस लिए हम इसे मानते हैं, हम इसे आगे देखेंगे, अब ब्रेक लेंगे, अब हमारे सामने दो मुख्य वचन हैं, और हम आपको तीसरा बताएगे, जो यीशु के शब्द हैं, जो कि अद्‌भुत है, युहन्ना अध्याय 14, हम ब्रेक लेंगें तो हमारे साथ बने रहिए/ हल जल्द लौट आएगे/

*****

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: ठीक है, हम वापस आए हैं, ये बहुत ही अद्‌भुत विषय है, मसीही चर्च की आशा है, जो कि यीशु मसीह की वापसी है, और हम कह रहे हैं कि यदि हम मसीह की वापसी को देखते हैं और सारी जानकारी देखते हैं, इसके दो पहलू हैं, ठीक है, याने वो समय है जब वो विश्वासियों के लिए आता है और उन्हें संसार से उठा लेता है, और वो उन विश्वासियों के साथ वापस आता है, क्लेशकाल के अंत में, और वो न्याय, राज्य और अधिकार करने के लिए आता है/ और इस बिच ये क्लेशकाल का समय है/

और हम इस निश्कर्ष के साथ कहना चाहते हैं, वचन के साथ, और हम एक और वचन लेंगे, और ये तो स्वयं यीशु मसीह ने कहा है, हम बहस नही कर सकते, ये उसके शब्द हैं, मैं इसे स्क्रीन पर रखना चाहता हूँ, मैं चाहता हूँ कि आप इसे देखे/ युहन्ना अध्याय 14; वचन 1 से 3, यीशु ने कहा, तुम्हारा मन व्याकुल न हो, तुम परमेश्वर पर विश्वास रखते हो, मुझ पर भी विश्वास रखो, फिर वो कहता है कि मेरे पिता के घर में बहुत से रहने के स्थान हैं, यदि न होते तो मैं तुम एस कह देता, क्योंकि मैं तुम्हारे लिए जगह तैयार करने जाता हूँ, और यदि मैं जाकर तुम्हारे लिए जगह तैयार करूं तो फिर आकर तुम्हें अपने यहाँ ले जाऊँगा कि जहाँ मैं रहूँ वहां तुम भी रहो/ देखिए यहाँ यीशु हमें चार बातें बताता है, कम से कम इस वचन में और पहली बात वो कहता है, मेरे पिता के घर में रहने के बहुत स्थान हैं, रहने की जगह हैं, पिता का घर कहाँ हैं? बोस्टन में?

डॉ. मार्क हीचकॉक: जी, पिता का घर स्वर्ग में है, जी मैं सोचता हूँ कि समानार्थी है और वचन का एक शब्द है, जो स्वर्ग के बारे में है, बाइबल कहती है कि हम जहाँ जाएंगे वो तीसरा स्वर्ग होगा, स्वर्ग जिसे पैरेडाइस भी कहा गया, मैं सोचता हूँ कि ये वही है स्वर्गीय नगर, नया यरूशलेम, जो प्रकाशितवाक्य अध्याय 21 और 22 में बताया गया है/ मैं सोचता हूँ कि ये सुंदर विवरण है जो यीशु हमें देता है, पिता के घर के बारे में, ये बताता है कि वहां हर एक के लिए काफी जगह है, ये बताता है, ये घर है, मैं सोचता हूँ कि पिता के घर के बारे में सबसे अच्छी बात है कि उसकी कीमत चुकाई गई, हमारे लिए उसका दाम यीशु मसीह के लहू के द्वारा चुकाया गया है/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: लेकिन वो शुरू करता है और ये ख़ास जगह है/

डॉ. मार्क हीचकॉक: जी हाँ/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: ये खास जगह है, और इस वचन के भाग के सारे वचन इसी से संबन्धित हैं/

डॉ. मार्क हीचकॉक: जी, विल्कुल सही/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: जिसके बारे में कह रहा है, यदि हम इसे नही समझते हैं, तो वो जो कह रहा है उसके प्रभाव को खो देंगे/

डॉ. मार्क हीचकॉक: बिलकुल सही/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: मेरे पिता के घर में जो स्वर्ग में है/

डॉ. मार्क हीचकॉक: जी सही कहा/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: ठीक है, एड ये ये भी कहता है कि मैं तुम्हारे किए जगह तैयार करने जाता हूँ/

डॉ. एड हाईन्डसन: ये बताता है कि यीशु को क्यों स्वर्ग से वापस आना होगा, वो स्वर्ग में जाता है कि विश्वासियों के लिए जगह तैयार करें/ कुछ लोग अनुमान लगाते हैं कि वो 2000 साल से उस पर काम कर रहा है, जिसके कहने से संसार बनता है, तो पुरे अनन्तकाल में हर विश्वासियों के रहने की जगह के लिए काम कर रहा है, मेरे लिए दिलचप्स बात ये है कि जब हम युहन्ना 14 के इस वचन को अध्याय को पढ़ते हैं, यीशु केवल 11 विशवास करनेवाले चेलों से कह रहा था, यहूदा उस कमरे से निकल गया था, ये अविश्वासियों से प्रतिज्ञा नही है, ये केवल विश्वासियों से की गई प्रतिज्ञा है, कि मैं पिता के घर जाऊँगा, तुम्हारे लिए जगह तैयार करूंगा, और ऐसा करने पर एक दिन लौट आऊंगा, कि तुम्हें उस जगह पर ले जाऊं/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: जी, रॉन/

डॉ. रॉन रोडस: मैं एक बात बताना चाहता हूँ जॉन, कि वही यीशु जो इस अनन्त शहर को बना रहा है, जैसे एड ने कहा, ये वही यीशु है जिसने संसार को बनाया, युहन्ना 1:3, कुलुस्सियों 1:16, यीशु ने ही सारी सृष्टि बनाई, इस पुरे संसार को बनाया, और यही बात है, यदि आप रात को बहर जाए, याने खुली जगह पर जाए, शहर में नही, बाहर कही गाँव में और सीधा उपर देखिए, तो आप हजारों महिमामय तारे देखेंगे, मैं आपको ये बताऊ कि आपने अब तक कुछ नही देखा है, वही यीशु जिसने इसे संसार को बनाया है, वही नए यरूशलेम को बनानेवाला डिज़ाइनर है, और ये असली जगह होगी, आपके पास शारीरिक जी उठा शरीर होगा, और वो शारीरिक जी उठी देह शारीरिक नगर में रहेगी, और अवश्य ही नई पृथ्वी और नया आकाश होगा, तो मैं लोगों को ये बताना चाहता हूँ, कि हम जी उठी देह पा सकते हैं, और हम जी उठी पृथ्वी पर रहेंगे, जी उठे संसार में, सबकुछ नया बनाया जाएगा/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: और वो शहर याने अद्‌भुत होगा, पूरी तरह अद्‌भुत होगा/

डॉ. रॉन रोडस: जी, सच में युहन्ना, इन शब्दों का उपयोग करता है, उसके लिए सबसे अच्छे शब्द, कि इस नगर की महिमा को बताए, स्वयं पौलुस कहता है, कोई मन नही समझ सकता, किसी आँख ने नही देखा, किसी कान ने नही सुना, कि ये कितना महान होगा/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: जी, 1400 मील लंबा, 1400 मील चौड़ा और 1400 मील ऊँचा/

जी/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: ठीक है?

डॉ. रॉन रोडस: और ये तो पारदर्शी सोने के जैसे होगा,नगर में बहुत से गहने भी होगे, और यदि आप मेमने की महिमा की कल्पना करे, जो उन पारदर्शी दीवारों से चमक रही हैं, और गहनों से ज्योति हर जगह फैलती जाएगी, ये कल्पना से बाहर है, मैं सोचता हूँ कि युहन्ना ने उसके अनुसार सबसे उत्तम शब्दों का उपयोग किया है/ लेकिन ये उससे भी बेहतर है/

डॉ. एड हाईन्डसन: और जानते हिं, रॉन, मैं सोचता हूँ कि जब उसने कहा कि मैं तुम्हारे मेरे पास ले जाऊंगा, कि तुम्हें पिता के घर ले जाऊं/ सबसे अद्भुत बात तो ये है कि यीशु वहां है और हम उसके चेहरे को देखेंगे/ और राजा के सामने खड़े रहेंगे/

डॉ. रॉन रोडस: आमीन/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: मार्क मैं इस पर वापस आना चाहता हूँ कि मेरे पिता के घर में, बहुत से रहने की जगह हैं, वो इस खास जगह स्वर्ग के बारे में कह रहा है, और फिर वो आगे कहता है, यदि नही होते तो मैं तुम्हें बता देता, याने वो सच में इसे स्थापित करता है, जिसके बारे में वो कहता है, ठीक है, फिर वो कहता है, मैं वापस आऊंगा और तुम्हें अपने संग ले जाऊँगा, कि जहाँ मैं रहूँ वहां तुम भी रहो/ मैं नही जानता कि इससे और कितनी सटीकता से यीशु बता सकता है कि वो हमें कहाँ ले जाएगा/ हम जानते हैं, 1 थिस्सलुनीकियों 4 में, वो कहता है, कि विश्वासी पृथ्वी से उठाए जाएँगे, और हम हवा में उससे मिलेंगे, सवाल है कि तब क्या होगा/ क्या हम यु टर्न लेकर पृथ्वी पर आएँगे, जैसे पोस्ट-ट्रिब्यूलेशनवाले कहते हैं, या ये वचन उस समय ये वचन पूरा होगा, हम पिता के घर जाएगे कि प्रभु के साथ हो/

डॉ. मार्क हीचकॉक: जी, हमेशा पहला थिस्सलुनीकियों 4 से यही सवाल आता है, कि हम बादलों पर उठा लिए जाएंगे कि प्रभु से हवा में मिले, हम प्रभु के साथ होगे, हम कहाँ जाएगे और ये वचन इस सवाल का जवाब देता है, कि हम कहाँ जाएंगे, क्योंकि हमने अलग दृष्टिकोण के बारे में चर्चा की है, रैपचर के बारे में ये दृष्टिकोण

है, जो क्लेशकाल के बाद होगा सोचते हैं, ये कहता है कि जब यीशु दूसरी बार आएगा, कलेशकाल के अंत में, विश्वासी उठाए जाएँगे कि हवा में उससे मिले और फिर यु-टर्न लेकर वापस पृथ्वी पर आएगे, लेकिन ये यहाँ युहन्ना 14 में स्पष्ट कहता है/ कि वो हमें अपने लिए ले लेगा, और हमें पिता के घर ले जाएगा/ याने ये वचन इस विचार को मजबूती से साथ देता है, कि लोग रैपचर होगे, हम उठाए जाएँगे, हम पिता के घर जाएंगे, और स्वर्ग में दूसरी घटनाए भी होगी, मसीह का न्यायआसन, मेमने का विवाह और फिर हम उसके साथ पृथ्वी पर वापस आएँगे, लेकिन मेरे लिए सबसे ज्यादा तस्सली देनेवाली बात तो ये है, कि सारे अनन्त काल के बारे में सोचिए, जहाँ यीशु हैं हम भी वहां होगे, हम उसके साथ होगे/

डॉ. रॉन रोडस: मैं सोचता हूँ कि आप इसके साथ जोड़ सकते हैं कि यहाँ युहन्ना 14 में और पहला थिस्सलुनीकियों 4 में समानता है/ क्योकि युहन्ना 14 में ये कहता कि तुम्हारा मन व्याकुल न हो, और पहला थिस्सलुनीकियों 4 वचन 18 में, इसलिए एक दूसरे को इन वचनों से प्रोत्साहित करो/ यहाँ हम फिर से बाइबल की भविष्यवाणी के व्यवहारिक स्वभाव को देखते हैं, ये इस बारे में नही है कि हमारे पास दिमागी ज्ञान हो कि भविष्य में क्या होनेवाला है/ ये हमें किसी तरह से बदलता है, एक तरह से ये हमें बदलता है कि ये हमें तस्सली देता है, खासकर जब जीवन में मुश्किल होती है, जब हम मृत्यु का सामना करते हैं, या प्रियजन की मृत्य होती है, तो इस तरह की सच्चाई, तस्सली देती है/

डॉ. एड हाईन्डसन: जॉन, साथ ही ये हमें अद्भुत आशा देता है/ कि हम उस मजिल की और बढ़ रहे हैं जिसकी गैरंटी केवल मसीह हमें दे सकता है, मसीह के न्यायआसन के सामने जब हम प्रभु से उसकी सेवा करने के लिए अपना प्रतिफल पाएगे, और मेमने का विवाह, मुझे प्रकाशितवाक्य 19 का ये वचन पसंद है, जो बताता है कि विश्वासी विवाह में श्वेत वस्त्र पाएगे, प्रकाशितवाक्य 19:8, और फिर कुछ वचन के बाद, वचन 14 में, लोग स्वर्ग से विजयी रूप में निकलेंगे, श्वेत वस्त्र पहले हुए होगे, जो प्रकाशितवाक्य में उद्धार और धार्मिकता को दर्शाता है, दूसरे शब्दों में हमें पिता के घर जाना होगा, कि प्रतिफल पाए और विवाह में जाए, वापस आने के लिए तैयार होने से पहले, जब वो विजय में वापस आएगा, इसलिए ये महत्वपूर्ण है कि चर्च जो मसीह की दुल्हन है, विश्वासियों की देह है, जो पहले पिता के घर ले जाई गई थी, कि हमें तैयार करें, वापसी के लिए/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: रॉन, मैं चाहता हूँ कि आप उन लोगों को सारांश बताए जो पिछले हफ्ते चुक गए थे, याने पहला थिस्सलुनीकियों 4 को जोड़े/ जहन पौलुस कहता है, थिस्सलुनीकियों के चर्च को, जो उसने 1

कुरिन्थियो 15 में कहा है, कुरिन्थियो के चर्च से कहा, और यीशु मसीह यहाँ हम से क्या कहता है, युहन्ना 14 में, ये सब एक साथ चलते हैं और हमने अद्‌भुत जानकारी देते हैं/ इसका सारांश बताइए/

डॉ. रॉन रोडस: जी, ये देखना तो सच में बहुत ही सुन्दर है कि ये सब कैसे आपस में मिलते हैं, पहला थिस्सलुनीकियों 4 में ये बताता है कि कैसे यीशु स्वर्ग से आएगा, और वो बादलों पर होगा, हवा में, उपर बादलों पर, और मसीह में मरे पहले जी उठेंगे, और हम जो जीवित हैं तुरन्त ही महिमामय शरीर में बदल जाएगे, और प्रभु से मिलने के लिए हवा में उठाए जाएगें, मैं सोचता हूँ कि ये उससे मिलता है, जिसे हम युहन्ना 14 में देखते हैं, क्योंकि युहन्ना 14 में, यीशु ने कहा कि मैं तुम्हारे लिए जगह तैयार करने जाता हूँ, मैं तुम्हारे लिए जगह तैयार करने जाता हूँ और मैं वापस आऊंगा और तुम्हें ले जाऊँगा कि जहाँ मैं रहूँ वहां तुम भी रहो/ इसे कह सकते हैं कि तुम्हें मेरे लिए लूँगा/ ये उस उठाए जाने से मिलता है जो हम पहला थिस्सलुनीकियों 4:16 और 17 में देखते हैं/

अब इस बदलाव के बारे में क्या? जी, पौलुस इसके बारे में हमें और भी डेटा डेटा है, पहला कुरिन्थियो 15 वचन 50 से 52 में, सच तो ये है कि हम सब बदल जाएंगे, मरणहार, अमरत्व को पाएगा, नाशमान, अविनाशी होगा, जानते हैं, इस वचन में थोडा पहले देखे तो ये बताता है कि लहू और मांस परमेश्व के राज्य के भागी नही हो सकते हैं, इसका यही अर्थ है कि ये मरणहार मनुष्यजाती परमेश्वर के राज्य के वारिस नही होगे, लेकिन महिमामय मनुष्य परमेश्वर के राज्य के वारिस हो सकते हैं, रैपचर में बिलकुल यही तो होनेवाला है, और शुभसंदेश यही है जो मैंने पहले कहा है, कि हमारे पास वो देह होगी कि हम मसीह के सामने अनन्तकाल में रह सकेंगे, और ये वचन ये भी बताते हैं कि हम मसीह की उपस्थिति से कभी अलग नही ह ओगे, क्या ये उत्सव मनाने के योग्य नही?

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: ये अद्‌भुत है, एड, लोग इसे चूकना नही चाहेंगे, यदि रैपचर किसी भी पल हो सकता है, हम इसी के बारे में अगले हफ्ते चर्चा करेंगे, ये किसी भी समय हो सकता है, इसे हम अटल घटना कह सकते हैं, ठीक है, इसे अभी होने का अनुमान लगाते हैं, ये किसी भी पल हो सकता है, और लोग विश्वासी नही हैं, वो मसीह को व्यक्तिगत रूप में नही जानते हैं, वो बुद्धिमत्ता से जानते हैं, लेकिन व्यक्तिगत रूप में नही जानते हैं, तो यदि मसीह आए तो वो पीछे छोड़ दिए जाएंगे, वो कैसे निश्चित हो सकते हैं कि वो मसीह के साथ जाएगे, और मसीह उन्हें ले जाएगा/

डॉ. एड हाईन्डसन: मैं सोचता हूँ कि बाइबल की ये शिक्षा बहुत है स्पष्ट है, यीशु वापस आ रहा है, सवाल ये है कि क्या वो आपके लिए आ रहा है? इसका जवाब तो आपके विश्वास पर आधारित है, आपके पापों के लिए मसीह के बलिदान पर है/ क्या यीशु सच में वही है जो उसने कहा है, आपकी जगह पर मरा, वो मुर्दों में से जी उठा, और वो वापस आ रहा है और यदि ये सब सच है, आपके अनन्त मजिल के लिए विश्वास करते हैं, और उसने क्रूस पर आपके लिए जो किया, ये तो निश्चित रूप में जान लेगे की बुनियाद है, कि आपने उद्धार पाया, और आप पर मुहर लगी है, और जब तुरही फूंकी जाएगी, तो आप जाने के लिए तैयार हैं, प्रधानदूत की पुकार होगी और प्रभु विश्वासियों को स्वर्ग में बुलाएगा/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: जी, दोस्तो, अलगे हफ्ते, हम सवाल पूछेगे और बाइबल से जवाब देखेंगे, कि क्यों शुरू के चर्च में अपेक्षा की कि यीशु किसी भी पल आ सकता है, ठीक है? बहुत से वचन हैं, उन में से कुछ आपको बताएगे, और हम आपसे चर्चा करेंगे कि रैपचर, तो अटल घटना है, जो किसी भी पल हो सकता है, शायद आज ही हो, आशा है कि अगले हफ्ते आप जुड़ जाएंगे/

****

हमारे टीवी प्रोग्राम देखने के लिए मुफ्त में डाऊनलोड कीजिए जॉन एन्करबर्ग ाो एप

"घ्द्धठ्ठन्र् द्यद्द ठ्ठड़ड्ढद्रद्य ख्ड्ढद्मद्वद्म क्ण्द्धत्द्मद्य" ऋ ख्ऋद्मण्दृध्र्.दृद्धढ़

@JAshow.org

क्दृद्रन्द्धत्ढ़ण्द्य 2016 ऋत्र्ड्ढक्ष्